Seventeenth Loksabha

>

Title : Request to extend the Ispat Express till Junagarh and start a new train from Junagarh to Vishakapatnam.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): **अध्यक्ष महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय, रेलवे कनेक्टिविटी, के बारे में आपके सामने अपनी बात रखूंगा । मैं आपके माध्यम से रेलवे मिनिस्ट्री से निवेदन करूंगा कि वह तुरंत इसके ऊपर कार्रवाई करे । मेरे क्षेत्र में दोनों आकांक्षी जिले हैं, नवापारा और कालाहाण्डी । कालाहाण्डी, जूनागढ़ से आवागमन के लिए, मेडिकल फैसिलिटी के लिए, एजुकेशन के लिए, मार्केटिंग के लिए लोग विशाखापट्टनम और कोलकाता जाते हैं । इस रास्ते से** 20 **लाख लोगों का आवागमन होता है । कोलकाता के लिए जो इस्पात ट्रेन है, वह टिटलागढ़ में आकर** 12 **घंटे रुकती है, उसे जूनागढ़ तक एक्सटेंड किया जाए । जूनागढ़ से विशाखापट्टनम के लिए एक ट्रेन चालू की जाए । ये दोनों काम जरूरी हैं । केसिंगा में आरओबी का काम पेंडिंग है । इसका काम भी प्रारम्भ किया जाए । यह प्रपोजल प्रपोज्ड है कि जूनागढ़ से धर्मगढ़ तक एक्सटेंशन करते हुए रेलवे लाइन को जयपुर तक पहुंचाया जाए । कांटाबांजी से वाया खड़ियार, धर्मगढ़ होते हुए नवरंगपुर तक रेलवे लाइन बनाई जाए ।**

**महोदय, मेरा आपके माध्यम से रेलवे मिनिस्ट्री** से **निवेदन है कि वह तुरंत इस पर कार्रवाई करे । आने वाले बजट में कुछ न कुछ व्यवस्था करने के लिए माननीय रेलवे मंत्री जी से मेरा आपके माध्यम से निवेदन है ।**

माननीय अध्यक्ष : **माननीय सदस्यगण, कल मैंने** 113 **लोगों को शून्य काल में बोलने का मौका दिया था । अब माननीय सदस्य लिस्ट के अलावा एक्स्ट्रा में बोलना चाहते हैं, तो वे अपनी बात को एक मिनट में समाप्त कर दें । एक मिनट के बाद किसी को भी मौका नहीं दिया जाएगा ।**

श्री बी. वाई. राघवेन्द्र जी ।